# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 25.05.2025 | प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

<u>मुख्य समाचार :–</u>

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में कहा– ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में भरा नया आत्मविश्वास और उत्साह।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मन की बात में प्रदेश के खिलाड़ियों की उपलब्धियों के जिक्र पर जतायी खुशी : कहा– प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में खेलो इंडिया गेम्स का विज़न निरंतर हो रहा है सशक्त।
3. भारत, जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना : केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा– प्रत्येक भारतीय के लिए गर्व आर उत्साह का क्षण।

और

4. प्रदेश के नौ शहरों में संघ लोक सेवा आयोग की प्रारम्भिक परीक्षा आज हुई सम्पन्न : करीब एक लाख बान्नबे हजार अभ्यर्थी हुए शामिल।

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर ने दुनिया भर में आतंकवाद की लड़ाई में नये उत्साह का संचार किया है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में राष्ट्र को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर केवल सैन्य मिशन नहीं है, बल्कि राष्ट्र का संकल्प और साहस है। बाइट..

*आज पूरा देश आतंकवाद के खिलाफ एकजुट है, आक्रोश से भरा हुआ है, संकल्पबद्ध है। आज हर भारतीय का यही संकल्प है, हमें आतंकवाद को खत्म करना ही है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमारी सेनाओं ने जो पराक्रम दिखाया है, उसने हर हिंदुस्तानी का सिर ऊँचा कर दिया है। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने दुनिया–भर में आतंक के खिलाफ़ लड़ाई को नया विश्वास और उत्साह दिया है। देश के कई शहरों में, गावों में, छोटे–छोटे कस्बों में, तिरंगा यात्राएं निकाली गई। 'ऑपरेशन सिंदूर' ने देश के लोगों को इतना प्रभावित किया है कि कई परिवारों ने इसे अपने जीवन का हिस्सा बना लिया है। बिहार के कटिहार में, यूपी के कुशीनगर में, और भी कई शहरों में, उस दौरान जन्म लेने वाले बच्चों का नाम 'सिंदूर' रखा गया है।*

प्रधानमंत्री ने इस विजय का श्रेय इंजीनियरों और तकनीकी विशेषज्ञों की कड़ी मेहनत को दिया। उन्होंने कहा कि इस अभियान के बाद देश भर में वोकल फॉर लोकल के प्रति नया उत्साह देखा जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जायेगा, जो हमें दैनिक जीवन में योग समाहित करने की याद दिलाता है।

**प्रधानमंत्री ने कहा कि 20 मई को मनाया गया विश्व मधुमक्खी दिवस भारत में स्वास्थ्य, स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता का उदाहरण है। बाइट...**

*पिछले 11 वर्षों में, मधुमक्खी पालन में, भारत में एक sweet revolution हुआ है। आज भारत में शहद उत्पादन बढ़कर करीब सवा–लाख मीट्रिक टन के आसपास हो गया है। हम Honey Production और eÛport में दुनिया के अग्रणी देशों में आ चुके हैं। इस positive impact में 'राष्ट्रीय मधुमक्खी पालन' और 'शहद मिशन' की बड़ी भूमिका है। उत्तर प्रदेश, गुजरात, जम्मू–कश्मीर, पश्चिम बंगाल और अरुणाचल प्रदेश में हजारों महिलाएं और युवा अब honey उद्यमी बन चुके हैं। अब शहद की केवल मात्रा नहीं, उसकी शुद्धता पर भी काम हो रहा है।*

**प्रधानमंत्री ने बिहार में खेलो इंडिया गेम्स 2025 का जिक्र करते हुए सभी पदक विजेताओं को बधाई दी। बाइट..**

*इस बार खेलो इंडिया में कुल 26 रिकार्ड बने। Weight Lifting स्पर्धाओं में महाराष्ट्र की अस्मिता धोने, ओडिशा के हर्षवर्धन साहू और उत्तर प्रदेश के तुषार चौधरी के शानदार प्रदर्शन ने सबका दिल जीत लिया। athletic में उत्तर प्रदेश के कादिर खान और शेख जीशान और राजस्थान के हंसराज ने शानदार प्रदर्शन किया। जो खेलता है, वही खिलता है।*

———————————

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज नई दिल्ली में मन की बात कार्यक्रम को सुना। उन्होंने, प्रधानमंत्री द्वारा खेलो इंडिया गेम्स में बरेली के कादिर खान, वाराणसी के शेख जीशान और बिजनौर के तुषार चौधरी की उपलब्धियों का जिक्र करने पर गर्व जताया। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में खेलो इंडिया का विज़न निरंतर सशक्त हो रहा है। प्रधानमंत्री द्वारा प्रदेश में**

शहद उत्पादन के क्षेत्र में हो रही प्रगति का उल्लेख करने पर श्री योगी ने कहा कि क्षेत्रीय किसानों और महिला उद्यमियों से शहद खरीदने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया है।

प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को केन्द्रीय राज्यमंत्रो एसपी सिंह बघेल ने आगरा में, केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने महराजगंज में, हापुड़ के गढमुक्तेश्वर में प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने पार्टी कार्यकताओं और लोगों के साथ सुना और प्रधानमंत्री के विचारों को प्रेरणादायक बताया। इस दौरान केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, यह प्रत्येक भारतीय के लिये गर्व और उत्साह का क्षण है।

वहीं लखनऊ, गौतमबुद्धनगर, बदायूं, कुशीनगर, अमरोहा सहित अन्य जिलों में भी प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना और सराहा गया।

———————

नीति आयोग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बीवीआर सुब्रह्मण्यम ने कहा है कि भारत, जापान को पीछे छोड़ते हुए दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। दिल्ली में नीति आयोग की गवर्निंग काउंसिल की बैठक के बाद डॉ. सुब्रह्मण्यम ने भरोसा जताया कि अगले दो से तीन वर्षों में भारत तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई एनडीए मुख्यमंत्रियों और उपमुख्यमंत्रियों की बैठक में राज्य की महत्वपूर्ण योजना प्राजेक्ट अलंकार की उपलब्धियों को प्रस्तुत किया। बैठक में शामिल अन्य राज्यों के मुख्यमंत्रियां ने इस परियोजना की सराहना की। प्रोजेक्ट अलंकार परियोजना प्रदेश के सरकारी स्कूलों में सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए शुरू की गई है।

इस दौरान बैठक में सुशासन के मुद्दों पर आयोजित विचार–विमर्श के सत्र में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भाग लिया।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की जबरदस्त सफलता के उत्साह के बीच समग्र राष्ट्र, भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के रूप में आकाशवाणी समाचार विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज हम 1965 के भारत –पाकिस्तान युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले परमवोर चक्र विजेता लेफ्टिनेंट कर्नल अर्देशिर बुर्जोरजी तारापोर का स्मरण कर रहे हैं। एक रिपोर्ट

*1923 में मुंबई में जन्मे लेफ्टिनेंट कर्नल आर्देशिर बुर्जोरजी तारापोर को अप्रैल 1951 में पूना हॉर्स वैन्यू में नियुक्ति मिली। 1965 में भारत–पाक युद्ध का सबसे बड़ा टैंक युद्ध सियालकोट सेक्टर के फिलोरा में हुआ था। लेफ्टिनेंट कर्नल ए वी तारापोर की कमान में 17 हॉर्स ने पीछे से फिलोरा पर अचानक हमला करने का फैसला किया, जब रेजीमेंट फिलोरा और चामुंडा के बीच आगे बढ़ रही थी तो वजीर बली से दुश्मन की ओर से अचानक हमला किया गया। लेफ्टिनेंट कर्नल तारापोर जमीन पर डटे रहें और अपनी रेजीमेंट का नेतृत्व करते हुए वजीरबली पर कब्जा कर लिया। अपनी चोट की परवाह किए बिना अपनी टीम के साथ आगे बढ़े और जसोरन और बुटुरडोंगरारी पर भी कब्जा कर लिया। इस लड़ाई में उनके अपने टैंक पर कई बार हमला हुआ लेकिन बधाओं के बावजूद उन्होंने दोनों जगहों पर अपनी धुरी बनाए रखी और सहायक पैदल सेना को चामिंडा पर पीछे से हमला करने में मदद की। उनके नेतृत्व से प्रेरित होकर रेजीमेंट ने दुश्मन पर जमकर हमला किया और लगभग 60 दुश्मन टैंकों को नष्ट कर दिया। इस कार्रवाई में लेफ्टिनेंट कर्नल तारापोर वीरगति को प्राप्त हुए। लेफ्टिनेंट कर्नल तारापारे को मरणोप्रान्त परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। अनुपम मिश्रा आकाशवाणी समाचार।*

———————————

ऑपरेशन सिंदूर की सफलता के बाद सशस्त्र बलों के सम्मान में देश के विभिन्न हिस्सों में तरंगा यात्राएं निकाली जा रही हैं। इसी क्रम में आज जौनपुर में प्रदश के खेल

राज्यमंत्री गिरीश चन्द्र यादव के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

——————————

संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा आज दो पालियों में संपन्न हुई। प्रदेश के 9 शहरों में यह परीक्षा कराई गई। एक रिपोर्ट....

*आज आगरा, अलीगढ़, बरेली, गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद, गोरखपुर, लखनऊ, प्रयागराज और वाराणसी में यूपीएससी प्रारंभिक परीक्षा कराई गई। इनमें लखनऊ के 91 परीक्षा केंद्रों सहित 4 सौ 66 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। दोनों पालियों में लगभग एक लाख 92 हजार अभ्यर्थी शामिल हुए। पहली पाली की परीक्षा सुबह साढ़े 9 बजे से शुरू हुई, जो साढ़े 11 बजे तक चली। वहीं, दूसरी पाली की परीक्षा दोपहर ढ़ाई बजे से शाम साढ़े 4 बजे तक हुई। शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न कराने के लिए लखनऊ के परीक्षा केंद्रों पर 33 सेक्टर मजिस्ट्रेट और 91 स्टेटिक मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगाई गई थी। प्रदेश के सभी परीक्षा केंद्रों की निगरानी सीसीटीवी के माध्यम से भी की गई। आकाशवाणी समाचार कक्ष से दीपाली सिंह।*

——————————

भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली आज पत्नी अनुष्का शर्मा संग अयोध्या पहुंचे। उन्होंने यहां राम जन्मभूमि मंदिर और हनुमानगढ़ी में दर्शन–पूजन किया। उन्होंने हनुमानगढ़ी के महंत ज्ञान दास के उत्तराधिकारी और संकट मोचन सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय दत्त से भी मुलाकात की।

——————————

आज आईपीएल क्रिकेट के दूसरे मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मैच खेला जा रहा है।

वहीं केंद्र सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय के निर्देश पर भारतीय खेल प्राधिकरण– साई ने आज लखनऊ के कडी सिंह स्टेडियम में फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अभियान का आयोजन किया गया।

————————

फर्रूखाबाद, अमरोहा, सहारनपुर, गौतमबुद्धनगर, इटावा और सम्भल सहित प्रदेश के पूर्वी तथा पश्चिमी जिलों में आज सुबह तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बारिश हुई। मौसम विभाग ने प्रदेश के पश्चिमी और पूर्वी जिलों के कुछ स्थानों पर अगले चार दिनों में गरज–चमक के साथ बौछारें पड़ने और तेज हवाएं चलने का अनुमान व्यक्त किया है।

——————————